कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) मध्यप्रदेश

प्रगति भवन, भोपाल विकास प्राधिकरण, तृतीय तल, एमपी नगर, जोन–1, भोपाल–462011
दूरभाष : 0755–2674206, 2674248, 2674318 फैक्स : 0755–2766315
E-mail : pccfwl@mpforest.org

क्रमांक / संरक्षण / 2018 / 655 भोपाल, दिनांक 25 .01.2018

प्रति,

समस्त क्षेत्रीय महाप्रबंधक, म.प्र.राज्य वन विकास निगम, भोपाल / जबलपुर एवं सिवनी म.प्र.
समस्त मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय, म.प्र.
समस्त क्षेत्र संचालक, टाइगर रिजर्व, म.प्र.
मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक मा.रा.उद्यान शिवपुरी / सिंह परियोजना ग्वालियर।
समस्त वन मंडलाधिकारी, क्षेत्रीय / वन्यप्राणी वन मंडल म.प्र.
मंडल प्रबंधक, म.प्र.रा.वन विकास निगम, विदिशा / खण्डवा / सीहोर / इन्दौर / कुण्डम,जबलपुर / रीवा, सीधी / मोहगांव, मंडला / उमरिया / बरघाट, सिवनी / लामटा,बालाघाट / रामपुर भतौड़ी, बैतूल एवं छिन्दवाड़ा म.प्र.

विषयः–प्रदेश के अन्तर्गत वन्यप्राणी संरक्षण हेतु चरवाहा सम्मेलन।

संदर्भः–इस कार्यालय का पृष्ठांकन क्रमांक STSF / 2017 / 7914 दिनांक 30.11.2017

मध्यप्रदेश राज्य वन्यप्राणी बहुल राज्य होने के कारण प्रदेश में वन्यप्राणी अपराध संबंधित प्रकरण सतत् रूप से घटित होते रहते हैं। इनमें से अनेक प्रकरण प्राकृतिक कारणो से घटित होते हैं किन्तु कुछ प्रकरण आपराधिक गतिविधियों के कारण घटित होते है। ऐसे प्रकरणों पर भविष्य में प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यह आवश्यक है कि स्थानीय सूचनातंत्र को अधिक प्रभावी बनाया जाये। इस कार्यालय में उपलब्ध जानकारी के अनुसार माह फरवरी, 2018 से प्रारंभ कर पारधी समुदाय का प्रदेश के अन्तर्गत पुनः सक्रिय होना संभावित है।

सूचना तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए चरवाहे एवं चौकीदार, जो कि वन क्षेत्र में सर्वाधिक समय व्यतीत करते हैं, उन्हें विभाग से जोड़ना आवश्यक है। अतः पूरे प्रदेश में उप–वन परिक्षेत्र स्तर पर चरवाहों एवं चौकीदारों के सम्मेलन आयोजित कराये जायें। इसमें संयुक्त वन प्रबंध समिति के सक्रिय सदस्य तथ बीट गार्ड से लेकर परिक्षेत्र अधिकारी स्तर के शासकीय सेवक भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में उन्हें निम्न बिन्दुओं की जानकारी दी जायेः–

- वनो में विचरण करते समय उनकी सुरक्षा हेतु उन्हें क्या सावधानी बरतनी चाहिए।
- वन्यप्राणियों द्वारा जन हानि, जन घायल, पशु हानि, पशु घायल एवं फसल हानि करने पर राज्य शासन की ओर से दी जाने वाली सहायता।
- स्थानीय तांत्रिको द्वारा वन्यप्राणियों एवं उनके अंगो के उपयोग हेतु उकसाकर ग्रामवासियों को वन अपराधी बनाना तथा स्वयं पैसे कमाना।
- वन्यप्राणियों की पहचान हेतु चित्र, विष्ठा, पद चिन्ह आदि संबंधी जानकारी। अखिल भारतीय बाघ आंकलन 2018 हेतु इसकी विस्तृत प्रशिक्षण सामग्री आपके पास पहले से उपलब्ध है।

सम्मेलन में भाग लेने वाले व्यक्तियों को निम्नानुसार बिन्दुओं पर जागरूक किया जाये तथा यह सूचित किया जाये कि वे निम्न बिन्दुओं से संबंधित जानकारी तत्काल संबंधित निकटस्थ वनाधिकारी को दें। इस हेतु यदि आवश्यक हो तो विशेष रूप से सहायक व्यक्तियों को गोपनीय सेवा निधि से मोबाइल रिचार्ज के लिए कुछ राशि भी उपलब्ध कराई जा सकती हैः–

- बाहरी / घुम्मकड़ समुदाय के व्यक्तियों का विचरण,
- वन्यप्राणियों, विशेषतौर से बाघ एवं तेन्दुआ की उपस्थिति
- वन्यप्राणी अपराध में लिप्त / फरार व्यक्तियों के संबंध में जानकारी,
- वन्यप्राणियों द्वारा जन हानि, जन घायल एवं पशु हानि की जानकारी

कृपया उक्त प्रशिक्षण प्राथमिकता के आधार पर आयोजित किये जायें। इस हेतु स्थानीय रूप से उपलब्ध अशासकीय संस्थाओं का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

25/1/18
(जितेन्द्र अग्रवाल)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक(वन्यप्राणी)
मध्यप्रदेश भोाल

प्रतिलिपिः— 656 दिनांक-25-1-2018

1. अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, वन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, म.प्र.
3. प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य वन विकास निगम, पंचानन भोपाल
4. विश्व प्रकृति निधि, 172, फिरोजशाह गोदरेज बिल्डिंग, लोधी रोड, नईदिल्ली— 110003
5. वाइल्डलाइफ कंजरवेशन ट्रस्ट, मुम्बई, 11वीं मंजिल मफतलाल सेंटर, नरीमन पाइन्ट,मुम्बई—21
6. वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसायटी ऑफ इण्डिया, एस—25, पंचशील पार्क नई दिल्ली—110017
7. कॉर्बेट फाउंडेशन **C/o Conservation Corporation of India 81-88, Atlanta, 8th floor, Nariman Point,** Mumbai **400021.**
8. बाम्बे नेचरल हिस्ट्री सोसायटी, Hornbill House, Shaheed Bhagat Singh Road, Opp. Lion Gate, Mahatma Gandhi Road, Mumbai, Maharashtra 400001
9. लास्ट विल्डरनेस फॉऊडेशन 251-B, Kewal Industrial Estate, Senapati Bapat Marg, Lower Parel (W), **Mumbai**-400013
10. श्री रितेश सरोठिया, प्रभारी स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, चार इमली, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

25/1/18
प्रधान मुख्य वन संरक्षक(वन्यप्राणी)
मध्यप्रदेश भोपाल